# बाबा मेरी सुनलो अब तो पुकार | By Saurabh Agarwal

बाबा मेरी सुनलो अब तो पुकार
खाली नहीं जाऊँगा आया तेरे द्वार

धड़कने ये कहती हैं जान बसी तुझमे
तू ही रखवाला मेरा आस हुई तुझमे
मन ये पुकारे बाबा आसरा तू देदे
रह नहीं जाए अधूरी श्याम.........
रह नहीं जाए अधूरी मन की गुहार
खाली नहीं जाऊँगा आया तेरे द्वार

तेरा ही सहारा चाहूँ बड़ा बेसहारा हूँ
ठोकरे मिली हैं सबसे मुश्किलों का मारा हूँ
टूटी हैं उम्मीदें सारी शरण में बसा ले तू
मुझको तो केवल है श्याम.........
मुझको तो केवल है तेरा ऐतबार
खाली नहीं जाऊँगा आया तेरे द्वार

मेरी बाँहें थाम ले रे श्याम खाटूवाले तू
मैं हूँ दीन हीन बाबा अपना बना ले तू
चोखानी चाकर तेरा सेवा में लगा ले तू
दु:ख दूर करना बाबा श्याम..........
दु:ख दूर करना सौरभ तेरा सेवादार
खाली नहीं जाऊँगा आया तेरे द्वार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be/